दैनिक
# न्याय साक्षी



## संपादकीय

# शांति ही प्राथमिकता

पांच दिनों से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच बातचीत की दिशा में कदम बढ़ाना निश्चित रूप से राहतभरी पहल है। युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं होता। रूस और यूक्रेन के इस संघर्ष के बीच जहां तक भारत का मामला है, वह हमेशा से शांति बनाये रखने को अहमियत देता रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत के दौरान भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बगैर हिंसा के समाधान निकालने की अहमियत पर बल दिया। मोदी की बातचीत यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की से भी हुई। यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत के रुख पर कुछ हलकों में इस बात को लेकर गंभीर टिप्पणी की गयी कि भारत का रुख उचित नहीं रहा। अमेरिकी थिंक टैंक समुदाय के एक प्रमुख सदस्य, रिचर्ड हास ने तो खेद व्यक्त करते हुए इसे भारत की 'सावधान, हर कीमत पर पुतिन को नाराज करने से बचें' जैसी स्थिति करार दिया और परोक्ष रूप से चेतावनी में उन्होंने इस प्रतिक्रिया को 'निराशाजनक और अदूरदर्शी' बताया। असल में इस प्रस्ताव के दौरान मतदान न करने के लिए भारत के स्पष्टीकरण और व्लादिमीर पुतिन के साथ प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत से स्पष्ट होता है कि भारत ने मास्को को पीछे हटने की आवश्यकता से अवगत कराया है। असल में मोदी-पुतिन फोन कॉल के दौरान, नयी दिल्ली ने राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने और हिंसा और शत्रुता को तत्काल समाप्त करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। भारत की ओर से इस बात पर जोर दिया गया कि शांति बहाली प्राथमिकता हो। यहां उल्लेखनीय है कि वर्तमान भू-राजनीतिक संकट काफी हद तक इसलिए है क्योंकि रूस और पश्चिम एक दूसरे को एक ऐसे लेंस के माध्यम से देखते हैं जो दशकों के आपसी विषाक्तता के गहरे रंग में डूबा है। दोनों पक्षों की अपनी-अपनी दलीलें हैं। इन दलीलों में भारतीय पक्ष दूर-दूर तक कहीं नहीं है। इसी तरह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की अनुपस्थिति के कई निहितार्थ हैं। उसने बीच का रास्ता अख्तियार करने के साथ-साथ यूक्रेन में अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दोनों पक्षों तक पहुंचने का विकल्प रखा है। इसके साथ ही भारत उन सौदों को लेकर भी सतर्क है जो रक्षा मामलों में उसने रूस के साथ किए हैं। यही नहीं, रूस के साथ भारत के सैन्य संबंधों के अलावा सांस्कृतिक आदान-प्रदान की भी एक लंबी श्रृंखला रही है। रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान भारत मूल्य-आधारित विदेश नीति और कठिन दौर के बीच संयमित संतुलन भी बना रहा है। यूएनएससी में रूस के खिलाफ प्रस्ताव में भाग न लेना और रूस के साथ-साथ यूक्रेन से बातचीत इसी संतुलन का प्रतिबिंब है। भारत के अनेक छात्र यूक्रेन में हैं। उनकी सकुशल वापसी के लिए 'ऑपरेशन गंगा' सफलतापूर्वक चल रहा है। अनेक विद्यार्थियों-नागरिकों को भारत लाया जा चुका है। इस बीच, यूक्रेन का हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण भारत वहां फंसे अपने नागरिकों को रोमानिया, हंगरी, पोलैंड और स्लोवाकिया के साथ लगी यूक्रेन की सीमा चौकियों के जरिए बाहर निकाल रहा है। युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों की सकुशल वापसी के प्रयासों को तेज करने के लिए भारत सरकार ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, किरेन रिजिजू और वीके सिंह को यूक्रेन के पड़ोसी देशों में भेजने का फैसला किया है। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में संपन्न एक उच्च स्तरीय बैठक में किया गया। जानकारी के मुताबिक, सिंधिया रोमानिया और मोल्दोवा से समन्वय करेंगे, जबकि रिजिजू स्लोवाकिया जाएंगे। इसी तरह पुरी हंगरी जाएंगे और सिंह पोलैंड। इस वक्त युद्धग्रस्त देश में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उन्हें बाहर निकालना भारत की शीर्ष प्राथमिकता है। अपनी इस प्राथमिकता पर सटीक काम करते हुए भारत दोनों देशों के बीच शांति बहाली के अपने पक्ष पर भी कायम है। यही वक्त की जरूरत है।

# अति धनढयों की संख्या में भारत एशिया प्रशांत क्षेत्र में रहा सबसे ऊपर: नाइट फ्रैंक

**नईदिल्ली ।** एशिया प्रशांत क्षेत्र में 2020-21 के दौरान अति धनाढ्य व्यक्तियों की संख्या की वृद्धि-दर के मामले में भारत 11 प्रतिशत वृद्धि के साथ के साथ सबसे ऊपर रहा। सम्पत्ति बाजार पर अनुसंधान एवं परामर्श सेवाएं देने वाली फर्म नाइट फ्रैंक की जारी वेल्थ रिपोर्ट 2022 में यह बात सामने आयी है।

रिपोर्ट के मुताबिक भारत 2020-21 में भारत 145 अरबपतियों की आबादी के साथ विश्व में अरबपतियों की आबादी में तीसरे स्थान पर रहा। अमेरिका और चीन पहले और दूसरे स्थान पर हैं।

आज जारी रपट के अनुसार भारत में अति उच्च आय वाले धनाढ्य व्यक्तियों - (यूएचएनडब्ल्यूआई) की आबादी पांच वर्ष में 39 प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। इस श्रेणी में उन लोगों को रखा जाता है जिनकी सम्पत्ति तीन करोड़ डालर या करीब 225 करोड़ रुपये है। इस रपट के अनुसार अपने भरोसे अमरीर बने 40 वर्ष से कम आयु वर्ग के लोगों की संख्या में वृद्धि के मामले में भारत छठे स्थान पर है।

वर्ष 2020-21 में भारत में अरबपतियों की आबादी 24 प्रतिशत बढक़र 145 रही और एक सर्वे में 69 प्रतिशत भारतीय यूएचएनडब्ल्यूआई ने 2022 में अपने धन में 10 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद जताई है।

नाइट फ्रैंक के द वेल्थ रिपोर्ट 2022 के आज जारी नवीनतम संस्करण के अनुसार 21 यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या में वैश्विक स्तर पर 2021 में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विश्व में इस वर्ग के 51,000 से अधिक लोगों की सम्पत्ति में वृद्धि देखी गयी है। रपट में कहा गया है, भारत में, यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या वार्षिक आधार पर 2020-21 में 11 प्रतिशत बढ़ी है, जो एशिया प्रशान क्षेत्र में उच्चतम वृद्धि है।

रपट के अनुसार शेयर में तेजी और डिजिटल प्रौद्योगिकी की लोकप्रियता से अतिधनाढय व्यक्तियों की संख्या बढऩे के प्रमुख कारक रहे। उसमें कहा गया है कि भारत में लगभग 69 प्रतिशत अति धनी व्यक्तियों ने 2022 में अपनी निवल सम्पत्ति के मूल्य में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की उम्मीद जताई है। एशिया एशिया अरबपतियों का सृजन करने वाले क्षेत्रों में अग्रणी बना हुआ है, विश्व के कुल यूएचएनडब्ल्यूआई में इस महाद्वीप का योगदान 36 प्रतिशत है। अमेरिका और चीन पहले और दूसरे स्थान पर हैं।

अफ्रीका को छोड़ कर दुनिया भर के हर क्षेत्र में 2020 और 2021 के बीच यूएचएनडब्ल्यूआई संख्या में वृद्धि देखी गई - अमेरिका में अति धनाढ्यों की संख्या में वृद्धि 12.2 प्रतिशत, रूस और सीआईएस देशों में 11.2 प्रतिशत, आस्ट्रेलिया में 9.8 प्रतिशत, पश्चिम एशियों में 8.8 प्रतिशत , लैटिन अमेरिका में 7.6 प्रतिशत, यूरोप में 7.4 प्रतिशत और एशिया में 7.2 प्रतिशत रही। अफ्रीकी क्षेत्र में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या इस दौरान 0.8 प्रतिशत गिरी। नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा , भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या में तीव्र वृद्धि में मुख्यत: शेयर बाजार में तेजी और डिजिटलीकरण के विस्तार और उसकी स्वीकार्यता बढऩे की बड़ी भूमिका है। भारत में युवा, स्व-निर्मित धनाढयों की संख्या में वृद्धि अविश्वसनीय रही है। हमें दिख रहा है कि ये नए उद्यमी आनेवले समय में आगे नए नए क्षेत्रों विषयों में निवेश करेंगे और नए नवप्रवर्तन करेंगे। धनाढयों की संख्या में स्वस्थ विकास के साथ, भारत सबसे तेजी से बढ़ते देशों में एक है। उम्मीद है कि आने वाले समय में देश कई क्षेत्रों में एक महाशक्ति के रूप में उभरेगा।'

# महिला क्रिकेट विश्व कप में 10 प्रतिशत दर्शकों की अनुमति



**क्राइस्टचर्च ।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2022 के लिए 10 प्रतिशत दर्शकों को स्टेडियम्स में बैठने की अनुमति दी जाएगी। टूर्नामेंट को न्यूजीलैंड के स्वास्थ्य मंत्रालय के कोरोना रोकथाम नियम से छूट मिल गई है और विश्व कप के पहले हफ्तों के मैचों के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध हो गए हैं।

पहले टिकटों की बिक्री रोक दी गई थी, तब आयोजकों ने कोरोना रोकथाम नियम के तहत टूर्नामेंट को आयोजित करने की आवश्यकताओं पर काम किया था, लेकिन अब स्टेडियम्स में दर्शकों की 10 प्रतिशत तक क्षमता को अनुमति दी गई है, हालांकि दर्शकों को पूरे आयोजन स्थल में एक-दूसरे से सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखनी होगी। अब सीमित दर्शक टूर्नामेंट के 31 मैचों में से पहले सात मैचों के टिकट खरीद सकते हैं। आगामी दिनों में और अधिक मैचों के टिकटों की बिक्री की उम्मीद है।

टूर्नामेंट की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंड्रिया नेल्सन ने कहा, हम अचंबित हैं। इसका मतलब है कि टूर्नामेंट में एक सुरक्षित प्रशंसक अनुभव होगा, जिससे टूर्नामेंट का संचालन करना बहुत आसान होगा। क्रिकेट प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर यह है कि वे अब हर मैच में अपना पसंदीदा स्थान आसानी से चुन सकते हैं, जैसा कि वे आमतौर पर करते हैं। हमें दृढ़ विश्वास है कि हम दर्शकों के लिए सबसे सुरक्षित तरीके से टूर्नामेंट का आयोजन कर सकते हैं। प्रशंसकों का मैदान के किनारे पर आना स्वाभाविक है, लेकिन हमारे खुले स्थानों पर वेंटिलेशन के साथ यह कोई समस्या नहीं है।

# होंडा इंडिया ने बेची 9324 कारें

**नईदिल्ली ।** भारत में प्रीमियम कारों की अग्रिम विनिर्माता होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने फरवरी 2022 में देश में 7,187 कारें बेचीं और कुल 2,337 इकाइयों का निर्यात किया है। पिछले वर्ष इसी माह कंपनी ने घरेलू स्तर पर 9,324 वाहनों को बेचते हुए, कारों की 987 इकाइयों का निर्यात किया था।

एचसीआईएल के विपणन और बिक्री निदेशक युइची मुराता ने कंपनी के प्रदर्शन पर कहा हम कोविड19 स्थिति दूर होने के बीच खरीदारों की रुचि में वृद्धि देख रहे हैं। बाजार खुल रहे हैं और यह उद्योग के लिए अच्छा है। आपूर्ति की ओर देखें तो फरवरी 2022 सेमीकंडक्टर चिप की कमी के कारण विनिर्माण और उपलब्धता पर प्रभाव पड़ा है। हम आशा करते है कि आगे स्थिति सुधरेगी और हम मांग को शीघ्रता से पूरा कर सकें।

भारत में एचसीआईएल कारों की एक अग्रिम विनिर्माता है। कंपनी ने यहां कारोबार की शुरुआत 1995 में की थी। वर्तमान में कंपनी ग्राहकों को कारों के होंडा की जैज, एमेज, डब्ल्यूआर-वी और सिटी के मॉडल बेचती है।

# महिला हॉकी विश्व कप में भारत का पहला मैच तीन जुलाई को इंग्लैंड से

**भुवनेश्वर ।** भारत इस साल नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत तीन जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ करेगा।

अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने मंगलवार को विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की। भारत को पूल बी में रखा गया है जहां उसका मुकाबला पांच जुलाई को चीन से और सात जुलाई को न्यूजीलैंड से होगा।

भारत एक से 17 जुलाई तक होने वाली इस प्रतियोगिता में पूल चरण के अपने मैच नीदरलैंड के एम्सटेलवीन के वैगनर हॉकी स्टेडियम में खेलेगा।

कार्यक्रम सार्वजनिक होने के बाद भारतीय महिला टीम की हॉफबैक सुशीला चानू ने कहा कि टीम किसी भी प्रतिद्वंद्वी का सामना करने से नहीं घबराएगी।

चानू ने वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह मायने नहीं रखता कि किस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ हम अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। हम डरते नहीं हैं क्योंकि हमारी सोच और मानसिकता प्रत्येक मैच को अगले मैच की तरह लेने की है। हम प्रत्येक मैच को जीतने की कोशिश करेंगे।

उन्होंने कहा, हमने हाल में ओमान के मस्कट में एशिया कप और फिर एफआईएच प्रो लीग में चीन का सामना किया था। इससे हमें फायदा मिलेगा।

चानू ने कहा, हम अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ हॉकी प्रो लीग के मैच खेलेंगे। हम न्यूजीलैंड से आखिरी बार 2020 में खेले थे, इसलिए हम इन टीम को अच्छी तरह से जानते हैं। हमें पता है कि इन चुनौतियों का सामना करने के लिये किस तरह से तैयारी करनी है।

भारतीय फॉरवर्ड नवनीत कौर ने कहा कि टीम ने पिछले दो वर्षों में काफी आत्मविश्वास हासिल किया है और अब वह किसी भी तरह की चुनौती का सामना करने से घबराती नहीं है।

उन्होंने कहा, लगभग दो-तीन साल पहले हम मजबूत प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने को लेकर चिंतित हो जाते थे लेकिन अब टीम में ऐसा कोई डर नहीं है और हमें लगता है कि हम हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं।

# आयरलैंड में दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी भारतीय टीम

**नईदिल्ली ।** भारत की दूसरी श्रेणी की टीम इस साल 26 और 28 जून को आयरलैंड के खिलाफ मलाहाइड में दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। क्रिकेट आयरलैंड ने पुष्टि की है कि भारतीय टीम जून में दो टी20 मैचों की श्रृंखला के लिये आयरलैंड का दौरा करेगी।

इस श्रृंखला में हालांकि शीर्ष खिलाडिय़ों जैसे कप्तान रोहित शर्मा, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, विकेटकीपर ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खेलने की संभावना नहीं है क्योंकि भारत को एक से पांच जुलाई के बीच इंग्लैंड के खिलाफ पिछली श्रृंखला का बचा हुआ टेस्ट मैच खेलना है।

क्रिकेट आयरलैंड ने ट्वीट किया, गर्मियों का यह सत्र 'सितारा खिलाडिय़ों का सत्र' होगा क्योंकि भारत, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान की टीमों को भारत का दौरा करना है, जबकि हम ब्रिस्टल में दक्षिण अफ्रीका से खेलेंगे। हम आयरलैंड के अब तक के सबसे बड़े घरेलू अंतरराष्ट्रीय सत्र के लिये तैयार हैं।

भारत दो टी20 मैच खेलकर आयरलैंड के क्रिकेट सत्र की शुरुआत करेगा। इसके बाद भारतीय टीम इंग्लैंड से एक जुलाई से टेस्ट मैच खेलेगी जबकि इन दोनों टीम के बीच सात जुलाई से तीन टी20 और इतने ही वनडे मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी।

भारत ने आखिरी बार 2018 में आयरलैंड का दौरा किया था। तब उसने दो मैचों की श्रृंखला 2-0 से जीती थी।

# 19 साल के भारतीय क्रिकेटर का कमाल, 72 घंटे तक की लगातार बैटिंग



**नईदिल्ली ।** सबसे लंबे समय तक बल्लेबाजी करने का रिकॉर्ड बनाने की कवायद में मुंबई के एक युवा क्रिकेटर सिद्धार्थ मोहिते ने नेट सत्र के दौरान 72 घंटे, पांच मिनट क्रीज पर बिताए। अब वह गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से उनकी इस उपलब्धि को मान्यता मिलने का इंतजार कर रहे हैं। 19 साल के मोहिते ने पिछले सप्ताह के आखिर में 72 घंटे पांच मिनट बल्लेबाजी करके हमवतन विराग माने के 2015 में बनाये गये 50 घंटे बल्लेबाजी करने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। विराग माने पुणे के रहने वाले हैं।

मोहिते ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि मैंने जो प्रयास किया उसमें सफल रहा। यह एक तरीका था जिससे मैं लोगों को दिखाना चाहता था कि मैं कुछ अलग हटकर हूं। कोविड-19 के बाद लगे लॉकडाउन के चलते मेरे करियर के दो अच्छे साल चले गए जो बड़ा नुकसान है, इसलिए मैंने सोचा कि कुछ अलग किया जाए और अचानक से मेरे मन में यह ख्याल आया तब मैंने कई एकेडमी और कोच से संपर्क किया।

मोहिते को उनके इस प्रयास में उनके कोच ज्वाला सिंह ने मदद की। ज्वाला सिंह युवा क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल के कोच हैं। मोहित ने इनके बारे में कहा कि हर कोई मेरे लिये मना कर रहा था। इसके बाद मैंने ज्वाला सर से संपर्क किया और उन्होंने कहा क्यों नहीं। उन्होंने मेरा पूरा समर्थन किया और मुझे जिस चीज की भी जरूरत पड़ी उसे मुहैया कराया।

गेंदबाजों का एक समूह मोहिते के सहयोग के लिए पूरे सत्र के दौरान उनके साथ रहा। नियमों के अनुसार बल्लेबाज एक घंटे में पांच मिनट का आराम ले सकता है। मोहिते की रिकॉर्डिंग और संबंधित कागजात अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के पास भेज दिये गये हैं।

# लॉक अप में नजर आएंगी सारा खान, सायशा शिंदे और तहसीन पूनावाला



लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री सारा खान, ट्रांसवुमन सायशा शिंदे और तहसीन पूनावाला सभी लॉक अप शो में नजर आने वाली हैं। कंगना रनौत की मेजबानी वाले शो में सेलेब्स और जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग खेल जीतने के लिए लड़ेंगे। इसमें 13 प्रतियोगी होंगे। कंगना ने शो में प्रतियोगियों का परिचय कराया और उनसे अलग-अलग आरोपों के बारे में पूछताछ की और उन्हें जेल में बंद किया। कुछ अन्य प्रतियोगियों में निशा रावल, मुनव्वर फारूकी, पूनम पांडे, करणवीर बोहरा, बबीता फोगाट शामिल हैं। करणवीर बोहरा एक प्रसिद्ध टेलीविजन अभिनेता हैं, जिन्होंने 10 से अधिक रियलिटी शो किए हैं। वह एक रियलिटी शो हारे हुए होने के कारण अब इस शो में शामिल हैं और खुद को बाजीगर मानते हैं। एक अन्य प्रतियोगी टेलीविजन की प्रसिद्ध अभिनेत्री निशा रावल हैं, जिन्होंने अपने पति पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया था। सारा खान इन दिनों अपने आसपास के विवादों में भी घिरी हुई हैं। उन पर अपनी रियल लाइफ को रील लाइफ बनाने का आरोप है। उन्होंने अली मर्चेंट से शादी की, लेकिन वह सब पब्लिसिटी के लिए था। एक और शख्सियत जो इस शो में शामिल होंगी, वह हैं सायशा शिंदे, जिन्हें पहले फैशन डिजाइनर स्वप्निल शिंदे के रूप में जाना जाता था। सायशा 2021 की शुरुआत में ट्रांसवुमन के रूप में सामने आईं। स्वामी चक्रपाणि एक धर्मगुरु हैं और उन पर अपने समाधान थोपकर लोगों को गुमराह करने के लिए उन्हें बंद किया जा रहा है।

# संजय दत्त ने किया अपनी नई फिल्म घुड़चढ़ी का ऐलान, रवीना टंडन होंगी साथ



संजय दत्त एक बार फिर अपनी पूरी फॉर्म में दिख रहे हैं। वह एक के बाद एक फिल्म साइन कर रहे हैं। आने वाले दिनों में संजू बाबा एक से बढक़र एक फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। अब उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम घुड़चढ़ी है। प्रशंसक उनकी इस फिल्म को लेकर उत्साह जाहिर कर रहे हैं और उन्हें इसके लिए शुभकामनाएं भी दे रहे हैं।

संजय ने एक तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, इस नई शुरुआत में एनर्जी लाने के लिए शुक्रिया बालू मुन्नंगी। आपकी मौजूदगी हमेशा सकारात्मकता लाती है। संजय ने जो तस्वीर पोस्ट की है, इसमें वह एक बगीचे में बैठ प्राणायम करते दिख रहे हैं।

## आज का राशिफल

*मेष*: आज आप हरेक कार्य चौकसी पूर्वक करने का विचार करेंगे और इसके लिए अत्यंत धीमी गति से कार्य करना पसंद करेंगे। आपके पास कोई भी निर्णय लेने से पहले विचार करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।

*वृष*: आज आपकी आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा। वित्तीय संकट से बचने के लिए आपको खर्च पर नियंत्रण करना होगा। सुरक्षित पूंजी निवेश करके आप अत्यधिक खर्च को रोक सकते हैं।

*मिथुन*: आपको किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचाने की सलाह देते हैं। आज आपको अपने बुजुर्गों की समस्याओं को सुनने और उनका हल निकालने की आवश्यकता है। आज दोपहर के बाद का समय आप धार्मिक कार्य या आध्यात्मिकता के पीछे व्यतीत करेंगे ।

*कर्क*: आज का दिन आपके जीवन का साहसिक दिन होगा। आपको विदेश यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा, जो आपके लिए लाभदायक साबित होगा। आपका स्वास्थ्य आज आपके प्रयत्नों में हाथ नहीं बटाएंगा।

*सिंह*: आज आप कोई भी कार्य धैर्यपूर्वक करेंगे। परिणाम आने की राह देखेंगे, तो परिणाम न आए तब तक बिलकुल अस्वस्थ या निराश नहीं होंगे। यदि आपका कार्य अच्छी तरह न हो तो उसे पुन: करने के मूड में होंगे।

*कन्या*: आपकी मेहनत और निष्ठा आज ज्वलंत सफलता के शिखर पर पहुंचाएगी। आध्यात्मिक प्रवृत्तियां और पठन में विशेष रुचि लेंगे। आज के दिन आप मानसिक रूप से स्फूर्ति का अनुभव करेंगे और अहम करने के मूड में होंगे।

*तुला*: आप अमूक लोगों में खूब प्रसिद्धि और लोकप्रियता प्राप्त करेंगे। आज आप अज्ञात स्थान में अनजाने व्यक्तियों के बीच आ पड़ेंगे, परंतु इस परिस्थिति को खूब आसानी से हाथ में लेकर बिलकुल निर्भिक होकर उनके साथ घुलमिल जाएंगे।

*वृश्चिक*: समय किसी के लिए रुकता नहीं, इसलिए आज आपको त्वरित निर्णय लेने से बचना चाहिए। आप जीवन के कुछ महत्त्वपूर्ण निर्णय आज ले सकते हैं और ये निर्णय आपका भविष्य उज्ज्वल करेंगे।

*धनु*: परिश्रम के बिना कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता। इसलिए आपको जीवन में कुछ प्राप्त करने के लिए परिश्रम करना आवश्यक है। दोपहर बाद अपने प्रिय व्यक्ति के साथ भोजन करने जाएंगे और मानसिक रूप से हल्कापन महसूस करेंगे।

*मकर*: आपके निष्ठापूर्ण प्रयासों का आपको अच्छा परिणाम मिलेगा, जिसके कारण आपका जोश और आत्मविश्वास बढ़ेगा। दोपहर बाद आप अपनी सफलता में निकटस्थ स्नेहीजनों को सहभागी बनाना चाहेंगे।

*कुंभ*: अपनी बात को दृढ़तापूर्वक प्रस्तुत करने और अन्य लोगों के गले उतारने की आपकी काबिलीयत से ऑफिस के सहकर्मी और उच्च पदाधिकारी बहुत प्रभावित होंगे। ऑफिस में आपका दृष्टिकोण बिलकुल व्यावसायिक रहेगा।

*मीन*: भावनाओं के ज्वार-भाटा को संतुलित रखने का दिन है। एक क्षण आप खुश होंगे, तो दूसरे क्षण उदास मूड में आने पर यह परिवर्तन व्यावहारिक निर्णयों पर प्रभाव डाल सकता है। भावनाओं पर काबू रखें।

# झटपट बनाएं हेल्दी ब्रेकफास्ट 'पेपर डोसा'



मसाला डोसा बनाने के बाद उसका बैटर तो बचा है लेकिन मसाला खत्म हो गया है तो फिर से मसाला बनाने के लिए मेहनत करने के बजाय बना लें पेपर डोसा, जो नारियल चटनी के साथ टेस्टी लगता है।

### सामग्री :

डोसा बैटर- 4 कप, पानी- 1/4 कप, घी- 1 टीस्पून

### विधि :

- इडली डोसे बैटर को एक अलग बाउल में निकालें और इसमें थोड़ा-थोड़ा पानी मिलाकर अच्छा सा बैटर तैयार करें।
- नॉन स्टिक तवे को गरम होने के लिए रख दें।
- इस पानी से अच्छी तरह पोंछ दें।
- बड़े चम्मच से बैटर लेकर तवे पर अच्छी तरह डालकर चम्मच से ही गोल-गोल फैलाते जाएं। जितना पतला होगा उतना ही अच्छा डोसा बनेगा।
- ऊपर से थोड़ा सा घी डालें। इससे उसका कलर और क्रिस्पीनेस दोनों बढ़ जाएगा।
- नीचे से जब पक जाता है तो किनारे हल्के से उठ जाते हैं तो इसे चम्मच की मदद से मोड़ें और प्लेट में रख दें।
- नारियल चटनी और बचे हुए सांभर के साथ सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 1

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी ।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल ।



## सू-दोकू- 1

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।